राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर

क्रमांकः राजुवास / बीवीएससी एण्ड एएच प्रवेश / 2021–22 / 3256 दिनांक– 15.12.2021

B.V.Sc.&A.H. डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश आवंटन हेतु ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन

राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के सक्षम अनुमति प्राप्त संघटक एवं सम्बद्ध प्राईवेट वेटरनरी कॉलेजों में उपलब्ध स्टेट कोटा सीटों पर 5½ वर्षीय BVSc & AH डिग्री पाठ्यक्रम (सत्र 2021–22) में प्रवेश आवंटन, आर.पी.वी.टी.–2021 ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया उपरान्त बनी मेरिट सूची एवं इन प्रवेश पर लागू राज्य आरक्षण नीति के अनुसार सीटों की उपलब्धता तक किया जाऐगा। इस क्रम में **केवल राजस्थान मूलनिवास** के प्रवेश योग्य पात्र एवं इच्छुक सभी श्रेणियों के आर.पी.वी.टी. –2021 में प्रविष्ट अभ्यर्थियों को **विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rajuvas.org** पर उपलब्ध काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन **दिनांक 16.12.2021 से 31.12.2021** तक आवश्यक रूप से ऑनलाईन फॉर्म भरने हेतु आमंत्रित किया जाता है। ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन शुल्क की निर्धारित राशि 1000/–रूपये जो कि नेटबैंकिंग/डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से जमा करवानी होगी। विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों का विवरण निम्न प्रकार है–

संघटक(Constituent)महाविद्यालय– (सभी में पेमेन्ट सीट फीस प्रतिवर्ष 3.00 लाख रूपये एवं रेग्यूलर फीस अतिरिक्त) पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर	28 रेग्यूलर एवं 40 पेमेन्ट सीट्स
पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, नवानियां, उदयपुर	28 रेग्यूलर एवं 40 पेमेन्ट सीट्स
स्नातकोत्तर पशु चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, जयपुर	28 रेग्यूलर एवं 40 पेमेन्ट सीट्स
सम्बद्ध(Affiliated)प्राइवेट महाविद्यालय–(सभी में पेमेन्ट सीट फीस प्रतिवर्ष 5.50 लाख रूपये एवं अन्य फीस अतिरिक्त) अरावली वेटरनरी कॉलेज, सीकर	28 पेमेन्ट सीट्स
महात्मा ज्योतिबा फूले कॉलेज ऑफ वेटरनरी एण्ड ऐनिमल साइंस, चौमूं, जयपुर	28 पेमेन्ट सीट्स
अपोलो कॉलेज ऑफ वेटरनरी मेडिसिन, जयपुर	28 पेमेन्ट सीट्स
एम.बी. वेटरनरी कॉलेज, डुँगरपुर	40 पेमेन्ट सीट्स

अन्य आवश्यक विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.rajuvas.org पर दिनांक 16.12.2021 से उपलब्ध रहेगा। प्रवेश आवंटन प्रक्रिया में भाग लेने हेतु अभ्यर्थी को उक्त निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। ऑनलाईन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में भाग नहीं लेने वाले अभ्यर्थियों के सम्बन्ध में यह माना जायेगा कि वे उक्त पाठ्यक्रम में इस विश्वविद्यालय के उक्त किसी भी संघटक एवं सम्बद्ध प्राइवेट वेटरनरी कॉलेजों में सत्र 2021–22 में प्रवेश लेने के इच्छुक नहीं है अतएव उन्हें प्रवेश आवंटन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जायेगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी केवल सम्बन्धित अभ्यर्थी की ही होगी।

चेयरमैन, केन्द्रीय स्नातक प्रवेश मण्डल